डॉ. के. श्रीनिवासराव
सचिव
Dr. K. Sreenivasarao
Secretary

साहित्य अकादेमी
(राष्ट्रीय साहित्य संस्थान)
संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार की स्वायत्तशासी संस्था
Sahitya Akademi
(National Academy of Letters)
An Autonomous Organisation of Government of India, Ministry of Culture

प्रेस विज्ञप्ति

# साहित्य अकादेमी की पुस्तक प्रदर्शनी कल से

## प्रख्यात नाटककार एवं लेखक डी.पी. सिन्हा करेंगे उद्घाटन

## 24 भारतीय भाषाओं की पुस्तकें प्रदर्शन एवं बिक्री के लिए आकर्षक छूट पर उपलब्ध होंगी

नई दिल्ली। 8 अक्तूबर 2020; कोरोना काल में लंबे समय से पुस्तकों से दूर रहे पुस्तक प्रेमियों का ध्यान रखते हुए साहित्य अकादेमी एक पुस्तक प्रदर्शनी का आयोजन 9 से 23 अक्तूबर 2020 के बीच कर रही है। पुस्तक प्रदर्शनी का उद्घाटन कल सायं 4.00 बजे प्रख्यात नाटककार एवं लेखक डी.पी. सिन्हा करेंगे। प्रदर्शनी में पुस्तकें 20 प्रतिशत की आकर्षक छूट पर उपलब्ध होंगी एवं कुछ चुनिंदा पुस्तकों पर 75 प्रतिशत तक की छूट उपलब्ध रहेगी। अन्य दिनों में पुस्तक प्रदर्शनी पूर्वाह्न 10.00 बजे से सायं 6.00 बजे तक प्रतिदिन खुली रहेगी। साहित्य अकादेमी द्वारा 24 भारतीय भाषाओं में प्रकाशित पुस्तकों की इस प्रदर्शनी में अकादेमी द्वारा प्रकाशित महत्त्वपूर्ण लेखकों पर विनिबंध, रचना–संचयन, साहित्य अकादेमी द्वारा पुरस्कृत पुस्तकों के अनुवाद, उपन्यास, कहानी–संग्रह, कविता–संग्रह, विश्वकोश, साहित्य–इतिहास के अतिरिक्त बाल–साहित्य भी उपलब्ध रहेगा। प्रदर्शनी में साहित्य अकादेमी द्वारा महत्त्वपूर्ण लेखकों पर निर्मित वृतचित्र भी बिक्री के लिए उपलबध रहेंगे साथ ही पुस्तक प्रेमियों के लिए इनका प्रदर्शन भी जारी रहेगा।

साहित्य अकादेमी के सचिव के. श्रीनिवासराव ने इस संबंध में अन्य जानकारी देते हुए बताया कि कोरोना महामारी के समय जारी दिशा–निर्देशों का पालन करते हुए प्रदर्शनी का दायरा सीमित रखा गया है और इसे रवींद्र भवन के प्रथम तल पर आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने पुस्तक प्रेमियों से अपील की है कि वे सामाजिक दूरी के निर्देशों का पालन करते हुए इस पुस्तक प्रदर्शनी से लाभांवित हो। आगे उन्होंने बताया कि पाठक इस अवसर पर साहित्य अकादेमी द्वारा प्रकाशित हो रही पत्रिकाओं के पुराने अंक भी कम कीमत पर प्राप्त कर सकेंगे और इन पत्रिकाओं के वार्षिक/त्रैमासिक सदस्य भी बन सकेंगे।

श्रीनिवासराव

के. श्रीनिवासराव

रवीन्द्र भवन, 35 फ़ीरोज़शाह मार्ग, नई दिल्ली-110 001, दूरभाष : +91-11-2338 7064, 2307 3002, फैक्स : +91-11-2338 2428
Rabindra Bhavan, 35 Ferozeshah Road, New Delhi-110 001, Phone : +91-11-2338 7064, 2307 3002, Fax : +91-11-2338 2428
E-Mail : secretary@sahitya-akademi.gov.in, Website : http//www.sahitya-akademi.gov.in